दिनांक : 19.02.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में करेंगे लैपटॉप की राशि जमा।
- निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में नयी एकीकृत टाउनशिप नीति को मिली मंजूरी।
- प्रदेश में बीज संस्थाओं द्वारा प्रमाणित बीज के विपणन का कार्य नये ब्रांड नेम के साथ किया जाएगा।
- आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट आज से होगा शुरू, भारतीय टीम कल बांग्लादेश के साथ खेलेगी अपना पहला मैच।

अब समाचार विस्तार सेः-

लैपटाप वितरण-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि जमा करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि भी जमा करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है।

एकीकृत टाउनशिप नीति

राज्य मंत्रिमंडल ने कल निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एकीकृत टाउनशिप नीति 2025 लागू करने की स्वीकृति दे दी है। इससे राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

वीसी-संजीव शर्मा

सरकार-बेरोजगारी

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर गिरकर 6 दशमलव 4 प्रतिशत हो गई। मौजूदा वित्त वर्ष दिसंबर तिमाही में बेरोजगारी दर 6 दशमलव 5 फीसदी थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच श्रम बल भागीदारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही 2024 में बढ़कर 50 दशमलव 4 प्रतिशत हो गई है। यह 2023 में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान 49 दशमलव 9 प्रतिशत थी।

मेडिकल टूरिज्म-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश मेडिकल टूरिज्म की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कल इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने देश भर के विशेषज्ञों से इस विषय पर विचार विमर्श भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हृदयम एमपी कार्यक्रम का लोगो भी जारी किया।

इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को मॉडल इलेक्ट्रिक सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों के चलाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए ई-व्हीकल में रजिस्ट्रेशन में 15 से 80 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा कल मंजूर की गयी इलेक्टिकल व्हीकल पॉलिसी में कई प्रावधान किये गए हैं ।

बाइटः कैलाश विजयवर्गीय

इसके तहत नेशनल हाईवे पर दोनों तरफ हर 20 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन और हर 100 किलोमीटर पर हैवी ड्यूटी फॉस्ट चार्जिंग स्टेशन को प्रोत्साहन दिया जाएगा। शहरों में प्रत्येक एक वर्ग किलोमीटर की ग्रिड में एक चार्जिंग स्टेशन को प्रोत्साहन दिया जाएगा। पेट्रोल पंप संचालकों को ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने पर सरकार प्रोत्साहन देगी। ईवी के रजिस्ट्रेशन पर भी छूट जारी रहेगी।

प्रमाणित बीज

प्रदेश में बीज संस्थाओं द्वारा प्रमाणित बीज के विपणन का कार्य नये ब्रॉन्ड नेम के साथ किया जाएगा। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ के संचालक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इसके लिये आकर्षक लोगो तैयार किया जाए। श्री सारंग ने कहा कि पैक्स, अन्य सहकारी संस्थाओं तथा निजी व्यवसायियों के माध्यम से स्थानीय कृषकों को प्रमाणित बीज विपणन का कार्य हो। उन्होंने विपणन विशेषज्ञ एवं बीज उत्पादन से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ की सेवायें लेने को भी कहा। इस कार्यवाही से पैक्स के 32 लाख कृषक सदस्यों, बीज सहकारी संस्थाओं के सदस्यों एवं अन्य कृषकों को बीज संघ द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा।

यूनियन कार्बाइड कचरा

मप्र हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के 40 साल पुराने रासायनिक कचरे के निपटान की अनुमति दे दी है। भोपाल से 337 मीट्रिक टन कचरा पीथमपुर भेजा गया था। हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने इसमें से 10-10 मीट्रिक टन कचरा 27 फरवरी से तीन चरणों में जलाने को कहा है।

पहले चरण में कचरे का निपटान 135 किलोग्राम प्रति घंटे की दर से होगा, जिसे दूसरे और तीसरे चरण में क्रमशः 180 किलोग्राम और 270 किलोग्राम प्रति घंटे तक बढ़ाया जाएगा। इसके परिणाम केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सौंपे जाएंगे, जो शेष कचरे के निपटान की दर निर्धारित करेगा। 27 मार्च को कोर्ट में इसकी रिपोर्ट पेश की जाएगी।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू हो रहा है। पहले मैच में आज कराची में पाकिस्तान का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। ये मैच भारतीय समय के अनुसार दिन में ढाई बजे से खेला जाएगा।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम कल दुबई में बांग्लादेश के साथ अपना अभियान शुरू करेगी। इस टूर्नामेंट में एकदिवसीय क्रिकेट की श्रेष्ठ आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 9 मार्च को होगा।
अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- कूनो नेशनल पार्क श्योपुर में चीता मित्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 100 चीता मित्र शामिल हुए। चीता मित्रों द्वारा परियोजना से जुड़े अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किये।
- राजगढ़ में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं को मात्र 3064 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 14 लाख रुपये का बीमा करने का निर्णय लिया है।
- पन्ना जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा प्रधानमंत्री आवास के कार्यों में मस्टर रोल जारी न करने पर 36 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल के निर्देशानुसार ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया।
- सागर में संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने भाडे के शिक्षक से संस्था में बच्चों को पढ़ाये जाने के संबंध में संलिप्त अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल और कलेक्टर की उपस्थिति में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के सम्बन्ध में कल विस्तार से समीक्षा की गई। जिसमें वर्ष 2022 के बाद कटी अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।
- गुना में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का का शुभारंभ गुना विधायक पन्नालाल शाक्य की उपस्थिति में केंट स्थित स्वास्थ्य केंद्र किया गया।
- वन विभाग एवं भारतीय वन्य-जीव संस्थान देहरादून द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 से 24 फरवरी तक 50 बॉयसन गौर का पुनर्विस्थापन किया जायेगा। पुनर्विस्थापन का कार्य दो चरणों में किया जायेगा।

-------